फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री देवेन्द्रसिंह पिता श्री कल्याणसिंह निवासी बरजाल तहसील भीम जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 09/2022**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 22.02.2022 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम द्वारा जरिये क्रमांकः आरटीआई/2022/151 दिनांक 07.02.2022 से प्राप्त रिपोर्टानुसार सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) के अन्तर्गत प्रार्थी का आवेदन दिनांक 23.11.2021 जो इस कार्यालय को दिनांक 30.11.2021 को प्राप्त हुआ जिसकी जांच पटवारी हल्का बरजाल द्वारा करवाई जाकर प्रार्थी को पत्र क्रमांकः–आरटी आई/2021/113 दिनांक 19.01.2022 द्वारा जरिये रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जा चुकी है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम के द्वारा अपीलार्थी को वांछित सूचना जरिये पत्र क्रमांकः–आरटी आई/2021/113 दिनांक 19.01.2022 को रजिस्टर्ड डाक द्वारा उनके पते पर प्रेषित किये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। साथ ही लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम को निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना निर्धारित अवधि में दिया जाना सुनिश्चित करें। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर)राजसमन्द**	–

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)